मेरे अँगने में माँ शेरावाली आई है

मेरे अँगने में माँ शेरावाली आई है,
शेरोवाली आई है माँ पहाडा वाली आई है,
मेरे अँगने में माँ शेरावाली आई है॥

शीश मईया के मुकुट विराजे,
लाल लाल बिंदिया, जय हो माँ,
लाल लाल बिंदिया, हमारे लिए लाई है,
मेरे अँगने में माँ शेरावाली आई है॥

कान मईया के कुण्डल सोहे,
मोती वाली नथनी, जय हो माँ,
मोती वाली नथनी, हमारे लिए लाई है,
मेरे अँगने में माँ शेरावाली आई है॥

गले मईया के हार विराजे,
फूलो वाली माला, जय हो माँ,
फूलो वाली माला, हमारे लिए लाई है,
मेरे अँगने में माँ शेरावाली आई है॥

हाथ मईया के लाल लाल चूड़िया,
रचने वाली मेहंदी, जय हो माँ,
रचने वाली मेहंदी, हमारे लिए लाई है,
मेरे अँगने में माँ शेरावाली आई है॥

मईया के डून्गे तगडी सोहे,
बजने वाला गुच्छा, जय हो माँ,
बजने वाला गुच्छा, हमारे लिए लाई है,
मेरे अँगने में माँ शेरावाली आई है.......

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24179/title/mere-angane-me-maa-sherawali-aayi-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |